>

Title: Need to provide more train services and facilities for the Sirsa Railways Station.

श्रीमती सुनीता दुग्गल (सिरसा): माननीय अध्यक्ष जी, "वक्रतुण्ड महाकाय सूर्यकोटि समप्रभ निर्विघ्नं कुरु मे देव सर्वकार्येषु सर्वदा ।" मुझे 17वीं लोक सभा में पहली बार आपके आशीर्वाद से यहाँ पर बोलने का मौका मिला है । मैं यह कहना चाहूँगी कि जिस लोक सभा क्षेत्र सिरसा से आती हूँ, वहाँ पर पिछले 70 साल से कांग्रेस या फिर किसी रीजनल पार्टी के सांसद रहे हैं । पहली बार माननीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के आशीर्वाद से वहाँ कमल का फूल खिला है ।

मैं आपके माध्यम से रेल मंत्रालय की तरफ ध्यान आकर्षित कहना चाहती हूँ कि वहाँ की जनता बहुत परेशान है । वहाँ पर रेलवे का सिस्टम ठीक नहीं है । रेल की सुविधाओं में सिरसा बहुत पीछे है । दिल्ली और सिरसा के बीच में जो रेलगाड़ियाँ चलती हैं, मैं उनका उल्लेख करना चाहूँगी । सिरसा से दिल्ली के लिए किसान एक्सप्रेस सुबह 8.15 बजे चलती है और इसके बाद 19 घंटे तक कोई रेलगाड़ी वहाँ नहीं चलती है । स्पीकर महोदय, अगली गाड़ी वहाँ सुबह साढ़े 3 बजे हरियाणा एक्सप्रेस चलती है । इसके निवारण के लिए मेरा सुझाव था कि गोरखपुर धाम एक्सप्रेस हिसार में सवेरे 10 बजे आकर खड़ी हो जाती है और शाम को साढ़े चार बजे वापस जाती है । अगर इस गाड़ी का सिरसा तक विस्तार कर दिया जाए, क्योंकि सिरसा हिसार से केवल 82 किलोमीटर की दूरी पर है । यह दूरी केवल एक घंटे में पूरी की जा सकती है । उससे उनको बहुत मदद मिल सकती है ।

इसी तरह दूसरी गाड़ी कालिंदी एक्सप्रेस जो कि भिवानी तक जाती है, उसका भी विस्तार सिरसा तक किया जा सकता है । अगर रेलवे में कोई तकनीकी प्रॉब्लम है तो उसको दूर किया जा सकता है । इससे भविष्य में रेलवे

को भी लाभ होगा और दिल्ली में गाड़ियों की भीड़ भी कुछ कम हो जाएगी और 15-20 लाख लोगों को इससे लाभ पहुँचने वाला है । मेरा आपसे यह आग्रह है कि रेल मंत्रालय इसको नोट करें । कृपया इसकी तरफ ध्यान दें । बहुत-बहुत धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष: *m02 कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्रीमती सुनीता दुग्गल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।